बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
<u>बिहार कौशल विकास मिशन</u>

संख्या–बी0एस0डी0एम0 / विविध– 04 / 2017 – 315 पटना दिनांक– 14/03/2019

प्रेषक,

दीपक कुमार सिंह,
प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन।

सेवा में,

<u>सभी SDC Coordinator/Owner</u>
<u>सभी BSDC Coordinator/Owner</u>

विषयः– सभी SDC/BSDC केन्द्रों के क्लास रूम तथा लैब में IP Based CC TV Camera अधिष्ठापित करने के संबंध में।

प्रसंग– बिहार कौशल विकास मिशन का पत्र संख्या–BSD/SDI-25/2016-06 दिनांक–2.1. 2018 ।

महाशय,

राज्य सरकार के सात निश्चयों में एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन कुशल युवा कार्यक्रम का 240 घंटे का प्रशिक्षण पूरे राज्य में प्रखण्ड स्तरीय कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों तथा विभिन्न प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसियों के स्वयं के द्वारा स्थापित प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है । सभी कुशल युवा प्रशिक्षण केन्द्रों पर क्लास रूम एवं लैब सेशन की गुणवत्ता बनाये रखने के निमित मुख्यालय स्तर से सभी कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों के अनुश्रवण की व्यवस्था टेक्नॉलोजी के माध्यम से किये जाने का निर्णय लेते हुए सभी प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसियों को प्रासंगिक पत्र के माध्यम से दिनांक–31 जनवरी, 2018 तक क्लास रूम तथा लैब में IP Based CC TV Camera अधिष्ठापित किये जाने का निदेश दिया गया था। अनुश्रवण के क्रम में यह पाया गया कि अभीतक अधिकांश केन्द्रों के लैब तथा क्लास रूम में IP Based CC TV Camera का अधिष्ठापन नहीं किया गया है, न हीं इसका Password हीं संबंधित जिले के जिला कौशल प्रबंधक को उपलब्ध कराया गया है । मुख्यालय स्तर से कुशल युवा कार्यक्रम के प्रशिक्षण केन्द्रों के क्लास रूम एवं लैब के प्रशिक्षण की गुणवत्ता का अनुश्रवण तबतक नहीं किया जा सकता है, जबतक प्रशिक्षण केन्द्रों के लैब तथा क्लास रूम में IP Based CC TV Camera का अधिष्ठापन नहीं करा लिया जाये तथा उसका Password संबंधित जिले के जिला कौशल प्रबंधक के माध्यम से BSDM में नहीं प्राप्त कर लिया जाये ।

उक्त के आलोक में कुशल युवा कार्यक्रम के सभी प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसी को यह निदेश दिया जाता है कि वे 30 अप्रैल, 2019 तक सभी केन्द्रों के क्लास रूम तथा लैब में IP Based CC TV Camera का अधिष्ठापन करते हुए उसका Password बिहार कौशल विकास मिशन को जिला कौशल प्रबंधक के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें । कुशल युवा कार्यक्रम के जिन प्रशिक्षण केन्द्रों के द्वारा दिनांक–30 अप्रैल, 2019 तक IP Based CC TV Camera को अधिष्ठापित करते हुए उसका Password BSDM को नहीं उपलब्ध कराया जायेगा उस केन्द्र का माह मई, 2019 से IP Based CC TV Camera के अधिष्ठापन तक नामांकन को अवरूद्ध कर दिया जायेगा ।

विश्वासभाजन

14/3/19

(दीपक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव–सह–मुख्य
कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन